दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 184
मुरादाबाद
(Monday)
27 October 2025
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मन की बात में पीएम मोदी ने दी छठ की शुभकामनाएं, बोले - यह महापर्व गहरी एकता का प्रतिबिंब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के जरिए देश को संबोधित किया। पीएम ने इस दौरान देशवासियों को त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छठ का जिक्र करते हुए कहा कि छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। ये दृश्य भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण है।अंबिकापुर-बंगलूरू में बदलाव की पहलों का किया जिक्र पीएम मोदी ने इस दौरान छत्तीसगढ़ और कर्नाटक का जिक्र किया। पीएम ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर शहर की प्लास्टिक कचरा साफ करने की पहल गारबेज कैफे के बारे में बताया। उन्होंने कहा, ये ऐसे कैफे हैं, जहां प्लास्टिक का कचरा लेकर जाने पर भरपेट खाना खिलाया जाता है। अगर कोई व्यक्ति एक किलो प्लास्टिक लेकर जाए तो उसे दोपहर या रात का खाना मिलता है और कोई आधा किलो प्लास्टिक ले जाए तो नाश्ता मिल जाता है। ये कैफे अंबिकापुर नगरपालिका चलाता है।卐 इसी तरह पीएम ने बंगलूरू की एक खास पहल का जिक्र करते हुए कहा, बंगलूरू को झीलों का शहर कहा जाता है और इंजीनियर कपिल शर्मा जी ने यहां झीलों को नया जीवन देने का अभियान शुरू किया है।



कपिल की टीम ने बंगलूरू और आसपास के इलाकों में 40 कुओं और झीलों को फिर से जिंदा कर दिया है। खास बात तो यह है कि उन्होंने अपने मिशन में कॉरपोरेट्स और स्थानीय लोगों को भी जोड़ा है। मैनग्रोव के जरिए पर्यावरण संरक्षण का दिया मंत्र पीएम मोदी ने जंगली जीवन की महत्ता बताते हुए आगे कहा, गुजरात के वन विभाग ने मैनग्रोव (Mangrove) के महत्व को समझते हुए खास मुहिम चलाई हुई है। पांच साल पहले वन विभाग की टीमों ने अहमदाबाद के नजदीक धोलेरा में मैनग्रोव लगाने का काम शुरू किया था, और आज धोलेरा तट पर साढ़े तीन हजार हेक्टेयर में मैनग्रोव फैल चुके हैं। इनका असर आज पूरे क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। वहां के ईको सिस्टम में डॉल्फिनों की संख्या बढ़ गई है। केकड़े और दूसरे जलीय जीव भी पहले से ज्यादा हो गए हैं। यही नहीं, अब यहां प्रवासी पक्षी भी काफी संख्या में आ रहे हैं।

इससे वहां के पर्यावरण पर अच्छा प्रभाव तो पड़ा ही है, धोलेरा के मछली पालकों को भी फायदा हो रहा है। सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी में शामिल होने की अपील की- सरदार पटेल आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक रहे हैं। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे। गांधी जी से प्रेरित होकर सरदार पटेल ने खुद को स्वतंत्रता आंदोलन में पूरी तरह समर्पित कर दिया। 'खेड़ा सत्याग्रह% से लेकर %बोरसद सत्याग्रह% तक अनेक आंदोलनों में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है। अहमदाबाद नगरपालिका के प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल भी ऐतिहासिक रहा था। उन्होंने स्वच्छता और सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में उनके योगदान के लिए हम सभी सदैव उनके ऋणी रहेंगे। पीएम मोदी ने कहा, सरदार पटेल ने भारत के नौकरशाही के ढांचे की एक मजबूत नींव भी रखी। देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने अद्वितीय प्रयास किए। मेरा आप सबसे आग्रह है, 31 अक्तूबर को सरदार साहब की जयंती पर देशभर में होने वाली रन फॉर यूनिटी में आप भी जरूर शामिल हों। कोरापुट कॉफी का भी जिक्र किया पीएम ने इसके बाद कोरापुट कॉफी को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि कोरापुट कॉफी का स्वाद गजब होता है, और इतना ही नहीं, स्वाद तो स्वाद, कॉफी की खेती भी लोगों को फायदा पहुंचा रही है। कोरापुट में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अपने जुनून की वजह से कॉफी की खेती कर रहे हैं। मोदी ने आगे कहा, दुनिया-भर में भारत की कॉफी बहुत लोकप्रिय हो रही है। चाहे कर्नाटका में चिकमंगलुरु, कुर्ग और हासन हो। तमिलनाडु में पुलनी, शेवरॉय, नीलगिरी और अन्नामलाई के इलाके हों, कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा पर बिलिगिरि क्षेत्र हो या फिर केरला में वायनाड, त्रावणकोर और मालाबार के इलाके। भारत की कॉफी की डायवर्सिटी देखते ही बनती है। हमारा पूर्वोत्तर भी कॉफी की उपज में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने भारतीय कुत्तों की नस्लों, उनके प्रशिक्षण और सुरक्षा बलों में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की। उन्होंने बीएसएफ और सीआरपीएफ द्वारा देशी कुत्तों को प्रशिक्षित करने और उनके नामों में भारतीयता बनाए रखने की प्रशंसा की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष और इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' मातृभूमि के प्रति हमारे कर्तव्यों और देशभक्ति की भावना जगाता है। उन्होंने देशवासियों से इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सुझाव भेजने का अनुरोध किया।साथ ही, उन्होंने संस्कृत भाषा और युवा पीढ़ी द्वारा संस्कृत में किए जा रहे रोचक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाषा किसी सभ्यता के मूल्यों और परंपराओं का वाहक होती है और युवा इसे पुनर्जीवित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आदिवासी नायकों, कोमराम भीम और भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए युवा पीढ़ी से उनसे सीख लेने और उनके जीवन और कार्यों को जानने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों को अपने आस-पास के प्रेरक व्यक्तियों और समूहों के बारे में बताने का मौका मिलता है। उन्होंने सभी से ऐसे संदेश भेजने का अनुरोध किया और अगले महीने फिर नए विषयों के साथ 'मन की बात' में मिलने का वादा किया।

## संक्षिप्त समाचार



### संत प्रेमानंद के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब...दो किमी तक लगी कतार, छतों पर चढ़े श्रद्धालु

वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सड़क पर करीब डेढ़ लाख भक्तों ने संत के दर्शन किए। संत की एक झलक पाने को कोई दीवार पर चढ़ा तो किसी ने छत से दर्शन किए।मथुरा के वृंदावन में शनिवार की रात वृंदावन में श्रद्धा और आस्था का ऐसा दृश्य देखने को मिला जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था। प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए एक से डेढ़ लाख भक्त वृंदावन पहुंचे। श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि दो किलोमीटर लंबी सड़क पर पैर रखने तक की जगह नहीं थी।शनिवार रात करीब ढाई बजे जैसे ही संत प्रेमानंद महाराज पदयात्रा के लिए निकले, पूरा वातावरण 'राधे-राधे' के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने उन पर पुष्पवर्षा की और दीवारों, छतों पर चढ़कर उनके दर्शन किए।भीड़ के कारण दो किलोमीटर की यात्रा पूरी करने में महाराज को लगभग एक घंटे से अधिक का समय लग गया। उनके जाने के बाद भक्तों ने श्रद्धा से उन फूलों को उठा लिया, जिन पर महाराज के चरण पड़े थे।

## यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन, मुख्यमंत्री योगी और रक्षामंत्री भी रहे मौजूद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक समेत अन्य नेता मौजूद रहे।इंदिरापुरम शक्ति खंड 2 स्थित यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का रविवार सुबह राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उद्घाटन किया। सुबह 11.33 पर राष्ट्रपति अस्पताल परिसर पहुंचीं। उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल भी रहीं।मंच पर पहुंचने से पूर्व राष्ट्रपति ने अस्पताल का भ्रमण कर अस्पताल में मौजूद आधुनिक उपकरण और बेहतर इलाज के



बारे में जाना। मंच पर यशोदा प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद अस्पताल के एमडी ने अस्पताल की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि यह विश्व का बेहतर मेडिसिटी अस्पताल बना है, यशोदा मेडिसिटी अस्पताल एक हजार दिन में बनकर तैयार हुआ है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया।

## तेजस्वी यादव का वक्फ कानून पर बड़ा बयान, कहा- सरकार बनी तो इसे कूड़ेदान में फेंक देंगे



बिहार चुनाव से पहले मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए तेजस्वी यादव ने बड़ा एलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो हम लोग वक्फ कानून को फाड़ देंगे। तेजस्वी के इस बयान के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। बिहार विधानसभा चुनाव के बीच विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक्फ़ कानून को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ़ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम 'भारत जलाओ पार्टी' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो वक्फ़ एक्ट को खत्म कर दिया जाएगा।तेजस्वी बोले मुख्यमंत्री अब होश में नहीं हैं तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि बिहार की जनता 20 साल पुराने नीतीश कुमार शासन से थक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब होश में नहीं हैं। राज्य के हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला है और कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो चुकी है। तेजस्वी ने सीमांचल क्षेत्र के विकास का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। अगर हमारी सरकार बनी, तो सीमांचल विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा।सीमांचल में पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले आते हैं, जहां मुस्लिम आबादी बड़ी संख्या में है। तेजस्वी ने दावा किया कि एनडीए उनकी चुनावी घोषणाओं की नकल कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने का वादा किया था। अब नीतीश कुमार सरकार ने इसे 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया। मैं वादा करता हूं कि हमारी सरकार बनने पर पेंशन दो हजार रुपये प्रति माह कर दी जाएगी। इससे पहले राजद एमएलसी ने कही थी यह बात - इससे पहले शनिवार को राजद एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब ने कहा था कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने तो सभी बिल, जिसमें वक्फ़ बिल भी शामिल है, फाड़ दिए जाएंगे।इस बयान के बाद सियासी घमासान मच गया था। विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि कोई मुख्यमंत्री केंद्र के कानून को कैसे रद्द कर सकता है। गौरतलब है कि वक्फ़ (संशोधन) अधिनियम अप्रैल में संसद से पारित हुआ था। केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का दावा है कि यह कानून मुस्लिम समुदाय, खासकर पिछड़े वर्गों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पारदर्शिता लाने वाला है। लेकिन विपक्ष का कहना है कि यह अधिनियम मुस्लिमों के अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## राहुल गांधी का BJP पर वार, महाराष्ट्र की महिला डॉक्टर की आत्महत्या को बताया 'संस्थागत हत्या'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र की महिला डॉक्टर की आत्महत्या को 'संस्थागत हत्या' करार देते हुए भाजपा सरकार पर अमानवीयता और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र की महिला सरकारी डॉक्टर की आत्महत्या को संस्थागत हत्या करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह घटना भाजपा सरकार की अमानवीय और असंवेदनशील कार्यप्रणाली को उजागर करती है।यह डॉक्टर महाराष्ट्र के बीड जिले की रहने वाली थीं और सतारा जिले के फळटन में सरकारी अस्पताल में तैनात थीं। गुरुवार रात उन्हें एक होटल के कमरे में फांसी के फंदे से लटका पाया गया। डॉक्टर ने अपनी हथेली पर लिखे सुसाइड नोट में पुलिस सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदाने पर कई बार दुष्कर्म करने और सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बंकार पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था।राहुल गांधी ने एक्स (ङ्ग) पर हिंदी में



लिखा %महाराष्ट्र के सतारा में बलात्कार और उत्पीड़न से तंग आकर डॉ. संपदा मुंडे की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है। एक होनहार डॉक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई। जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ़ सबसे घिनौना अपराध किया - उसके साथ बलात्कार और शोषण किया। उन्होंने आगे लिखा कि रिपोर्ट्स के अनुसार, BJP से जुड़े कुछ प्रभावशाली लोगों ने उस पर भ्रष्टाचार का दबाव डालने की कोशिश भी की। सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है। यह आत्महत्या नहीं - संस्थागत हत्या है। जब सत्ता अपराधियों की ढाल बन जाए, तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? डॉ. संपदा की मौत इस BJP सरकार के अमानवीय और संवेदनहीन चेहरे को उजागर करती है। हम न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मज़बूती से खड़े हैं। भारत की हर बेटी के लिए - अब डर नहीं, न्याय चाहिए।घटना के बाद कार्रवाई- पुलिस ने सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदाने को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने शनिवार को आत्मसमर्पण किया। सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बंकार को भी पुणे से पकड़ा गया है। मामला दर्ज है। पुलिस जांच के दौरान पता चला कि डॉक्टर ने कई बार उत्पीड़न की शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों ने आरोप लगाया कि फळटन के कुछ राजनीतिक लोग मेडिकल रिपोर्ट बदलवाने का दबाव डालते थे।

## संपादकीय Editorial

### Migration and Employment: The Election Choice

The Bihar election campaign has reached a crucial stage. The internal conflicts and contradictions within the opposition's Grand Alliance have largely subsided after Tejashwi Yadav was declared the Chief Ministerial candidate and VIP president Mukesh Sahni the Deputy Chief Ministerial candidate. In some constituencies, candidates from the Congress, RJD, CPI (ML), and VIP are contesting against each other. This is being termed a 'friendly contest'. The leaders of the Grand Alliance have also spoken about resolving this contradiction. The poster at the press conference where Tejashwi was declared the Chief Ministerial candidate by senior Congress leader Ashok Gehlot only featured Tejashwi's picture. Neither Lalu Yadav-Rabri Devi's picture nor that of Congress President Mallikarjun Kharge and Leader of the Opposition (Lok Sabha) Rahul Gandhi was included. Lalu is still the national president of the RJD, and Rahul and Tejashwi had jointly launched a movement against 'vote rigging'. Where has that 'togetherness' disappeared now? However, the issue of 'vote rigging' has also disappeared, as migration and employment have emerged as the most sensitive electoral issues. The issue of 'one government job for every household' that Tejashwi has presented to the public is clearly visible and felt in Bihar. However, providing government jobs to even 2.5 crore out of Bihar's 2.76 crore households would require approximately 9 lakh crore rupees annually. Bihar's budget itself is only 3.17 lakh crore rupees, and it has a debt of more than 4 lakh crore rupees. The debate about where the capital will come from continues between the ruling and opposition political parties, and this debate is also heard on TV channels, but this is not the public's analysis or concern. The public believes that whichever government comes to power will arrange for the capital. The Congress has also supported Tejashwi's program by giving the slogan 'Stop Migration, Give Jobs'. The issue of migration is directly linked to employment. In addition to the Election Commission's revision of voter lists, experts estimate that approximately 5 million Biharis work in various parts of the country in jobs ranging from daily wage labor to rickshaw pulling, supporting their families back in Bihar. Most of these migrant Biharis work in the unorganized and informal sectors, so it's uncertain how many will return to Bihar solely to exercise their right to vote. There is a significant gap between the election and the Chhath festival. How can those working in private shops and businesses afford to stay in Bihar for so long? Their employers won't allow it. Many have even been removed from the voter lists. No political party is particularly eager or willing to bring these migrant voters back to Bihar. While the right to vote is a fundamental constitutional right of every adult citizen of the country, it has not been institutionalized. The ruling BJP-Janata Dal (United) alliance and the RJD, Congress, and Left parties are certainly concerned about migration and migrant Biharis, as it's uncertain who they will vote for. However, Chief Minister Nitish Kumar, with ample support from Prime Minister Modi, has announced an employment project promising to create 10 million jobs/employment opportunities over the next five years if the government is formed. Furthermore, the Chief Minister has not left any department, employee, community, or Anganwadi worker untouched when it comes to increasing their financial resources. But for the ruling party, it's currently uncertain whether Nitish Kumar will remain Chief Minister after the elections! Home Minister Amit Shah has also declared that the winning MLAs will decide who the Chief Minister will be after the elections. However, all top BJP leaders,

# Another bus fire, public safety in the country is at God's mercy.

More than 45 passengers have died in two separate incidents of AC buses catching fire in the last ten days. The first accident occurred in Rajasthan and the second in Andhra Pradesh. In both cases, questions have been raised about the fitness and safety checks of the buses. Every time after an accident, an inquiry is ordered, but nothing comes of it. Public safety in the country is at God's mercy. More than 45 passenger deaths in ten days raise questions about bus fitness and safety - public safety at God's mercy. The fact that more than 45 passengers died in two AC bus fires within ten days is proof of how risky public transport is in our country. In the first accident, on October 14, 26 passengers were killed when an AC bus traveling from Jaisalmer to Jodhpur caught fire due to a short circuit. The investigation into this horrific accident revealed that several rules were violated in the construction of the bus. The second incident occurred the other day in Andhra Pradesh. Here, 20 bus passengers were killed when an AC bus traveling from Hyderabad to Bengaluru caught fire. The cause of this accident is being attributed to a motorcycle getting stuck under the bus, damaging its fuel tank and causing a fire. It would not be surprising if the lack of proper maintenance and inadequate safety checks of the bus are also found to be behind this accident. Both AC buses that became death traps for dozens of people belonged to private companies. It can be assumed that their fitness was checked before permission was given for their operation, but it is difficult to say that this was not just a formality. There is also little chance that a proper investigation was conducted to ascertain whether they had adequate safety measures. It is no secret that a large number of private buses in our country are in a dilapidated condition. Often, their drivers are also unskilled. The emergency exits of AC buses are often in such a state that they can hardly be opened. It is not enough that top leaders expressed condolences and ordered an inquiry into the causes of the accidents, because this is done after every major accident, and the result remains the same – nothing changes. Experience so far shows that no lessons are learned even from the most horrific bus accidents. This is because safe public transport is simply not a priority for anyone. As a result, government and private public transport vehicles are involved in accidents almost daily. Often, the loss of life in these accidents is considered an act of fate, and the matter is closed with mere expressions of regret. This is nothing but a complacent attitude. It is this attitude that leads to the neglect of every aspect of public safety. Accidents caused by a lack of vigilance in public and especially road safety not only claim countless lives but also bring disrepute to the country. They also reveal how public safety is left to chance in a country aspiring to be developed.

## What a taste in life: Piyush Pandey was a powerful storyteller. 31 years ago, this ad of his changed the face of the advertising world.

The year 1994... the time when the Indian economy had just begun its reform journey. Cricket had become even more popular among the youth. It was the era of Doordarshan. Then an advertisement appeared on the small screen. A cricket match was underway. A young woman was sitting in the stands, holding a chocolate in her hand. The batsman was 99 not out. Victory was near. He hit a pull shot. The young woman prayed that the fielder wouldn't catch it. The ball went beyond the boundary line. The young woman dodged a policeman and ran inside the field. She began to dance with joy. The batsman was embarrassed and started laughing with joy. ...This was the story of the screenplay, but people didn't just remember it. In fact, the lines of this advertisement, accompanied by melodious music, remained etched in their hearts for years. This advertisement, created by Ogilvy & Mather, was originally for Cadbury. It was titled "The Real Taste of Life." The creator of the advertisement was Piyush Pandey, whom the country lost on Friday. He breathed his last at the age of 70. Among all the commercials he created, the lines from the Cadbury advertisement are still considered the most iconic. These lines were... There is something special in all of us, there is something special in all of us... There is taste... What a taste in life... Now, when you read these lines in conjunction with the scenes described above and search for the video, you will understand the message behind them. The scene of a young woman dancing with joy to the last line, "What a taste in life..." touched the emotions of the Indian people, who, amidst all the difficulties, wanted to have faith in life and express joy like children. Upon examining and interpreting these lines through their own perspectives and understanding, people discovered that these lines, describing the "taste of life," contained spirituality, a celebration of life, the zeal to live like a child, and the feeling of something special within every human being. Before this advertisement, chocolate was considered a children's subject, but this ad appealed to the child within everyone. Piyush Pandey's advertisement wasn't about selling chocolate, but about bringing out emotions. A Hindi jingle and a different approach: Piyush Pandey created a Hindi jingle for this advertisement that was neither boring nor brand-representing. This same approach was later seen in advertisements for Asian Paints and Fevicol. Interestingly, Cadbury recreated this same advertisement in 2021. The script was the same, but this time the batsman was a woman, and a man was sitting in the stands eating chocolate, who, upon the winning shot, runs across the field in joy. Later, in various interviews, Piyush Pandey explained the idea behind the song. He explained that initially, 70 percent of chocolate customers were children. Adults also loved chocolate, but they didn't eat it openly. The idea was to bring out the child within everyone. The song was initially composed in English and later remade in Hindi. The idea behind depicting a young woman dancing on the field also reflected the idea of ??freedom of expression. Care was also taken in casting to choose faces that could effortlessly convey joy. A Taste of One's Own Language - Many celebrities remembered Piyush Pandey upon his passing, but what cricket commentator Harsh Bhogle wrote truly captures the vision of this ad guru. Bhogle wrote, "Piyush Pandey was in a profession that spoke in beautiful English, but he brought a beautiful flavor to it with his own language. He reached the heights of the advertising world, but he never separated from this culture." He would unravel the layers of dialogue and unravel it with such ease that we all exclaimed, "Wow!" 'If you want to make a mark in any profession, be Piyush Pandey. He was the gold of the advertising world.

## The Troubling Implications of 'Halal' Certification

Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath has called for a boycott of products with 'Halal certification'. He has linked it to terrorism, Islamic conversion, love jihad, and other anti-Hindu activities. According to Yogi, a significant amount of money from this certification is spent on terrorism and conversion. He claims it is an Islamic conspiracy to alter the demographic balance of the country. It is election season in Bihar, and Yogi is one of the BJP's star campaigners. He has also raised the issue of 'political Islam'. Since Yogi Adityanath is a staunch Hindu nationalist leader and has imposed a ban on 'Halal certification' in Uttar Pradesh since 2023, his accusations and calls could also be politically motivated. He has been a key figure in Hindu-Muslim polarization during elections, but there are only four 'Halal certification' organizations in the country, all of which are Islamic. The government has remained neutral on this certification. One might ask why? The Indian Ministry of Commerce itself authorized these private organizations for 'Halal certification', therefore they are not 'illegal' in any sense. Products with the 'Halal' stamp cannot be exported without the permission of the Indian government. 'Halal certification' is not limited to meat alone. Although the practice of this certification began in 1974 for meat, it was extended to other products in 1993. Now, dairy products like milk, yogurt, and cheese, vegetarian products like biscuits, chips, cold drinks, spices, oils, pulses, nuts, grains, and sugar are also under the purview of 'Halal certification'. The argument has been that 'Halal certification' is mandatory to ensure that 'haram' or prohibited ingredients (such as pork and alcohol) are not used in the products. A crucial question is how non-Islamic ingredients can be used in matches, teacups, steel bars, cement, flats, etc.? Yet, this certification is mandatory even for them. It is absurd that attempts are being made to label even schools, hospitals, and the economy as 'halal'. Some have even been successful. During the Congress-led UPA government at the center, Reserve Bank of India Governor Raghuram ???? suggested that the banking sector should also be brought under the purview of 'halal certification'. However, this did not prove politically feasible. Many medicines and cosmetic products may be subject to 'halal' scrutiny because they contain non-Islamic, prohibited ingredients. This is also publicly acknowledged. In India, approximately 3200 products are sold with the 'halal' stamp. The 'halal certification' economy alone has reached approximately 8 lakh crore rupees. Companies spend around 66,000 crore rupees on this certification. Is this entire economy subject to any authorized audit? Two important questions are relevant. Firstly, if the Indian government has the proper infrastructure for inspection, why can't the government or its agencies issue such certifications? Secondly, why are these licenses given only to these four organizations: 'Jamiat Ulema-e-Hind', 'Halal India Pvt. Ltd.', 'Jamiat Ulema-e-Maharashtra', and 'Halal Certification Services India Pvt. Ltd.'? Do they possess all the criteria for inspecting and determining 'halal' status? Why can't a non-Islamic organization be given this license? It might prove to be more neutral and honest. This Islamic labyrinth has been created because most Islamic countries of the OIC do not accept products without 'halal certification'. Such special provisions have not been made for Christian, Jewish, Jain, Buddhist, or Sikh communities. Vegetarian communities, for example, do not consume the meat of any animal, let alone pork. Special markings should be printed on products for them as well. Yogi Adityanath and the BJP believe that a large portion of the money generated from this certification is also used to change the country's demographics. We can neither confirm this idea nor support it without concrete evidence, but the way the country's economy could be transformed through 'halal' practices is certainly.

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन

किसानों की विभिन्न समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बीते माह आयोजित किसान दिवस के दौरान किसानों द्वारा की गई शिकायत एवं समस्याओं को चिन्हित करने के उपरांत अधिकारियों द्वारा उन शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण की स्थिति के बारे में बैठक में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही किसानों की खाद आपूर्ति, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और गन्ना मूल्य भुगतान सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं चिन्हित भी की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। शाहपुर-मुबारकपुर मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य कराए जाने के संबंध में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि इस मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य स्वीकृत है मार्ग पर वर्तमान में कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया है यथाशीघ्र विशेष मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की सुविधा के दृष्टिगत मार्ग पर निर्माण कार्य यथा शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। बिलारी चीनी मिल से जरगांव जाने वाले हाईवे पर बनाई गई सफेद पट्टी, घास और मिट्टी से ढकने की वजह से राहगीरों को हो रही समस्या और सड़क दुर्घटना होने के मामले में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सड़क किनारे साफ सफाई का कार्य करा दिया गया है परंतु शिकायतकर्ता द्वारा संतुष्टि व्यक्त नहीं की गई जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को पुनः गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए निर्देशित किया। विकासखंड बिलारी की सभी 98 ग्राम पंचायतों में गंदगी को लेकर की गई शिकायत के निस्तारण के बारे में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर सफाई कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत के सचिव मनोज कुमार का कहना है कि उन के विकास खंड में मात्र 02 फॉगिंग मशीन हैं जो खराब हैं इसलिए फॉगिंग कार्य नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी ने किसान दिवस के दौरान जानकारी दी कि फॉगिंग मशीनें उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण की जांच कराते हुए संबंधित सचिव के विरुद्ध कार्यवाही के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। ग्राम सिहारी लद्दा में श्मशान की भूमि पर असामाजिक तत्वों द्वारा गोबर डालने को शिकायत में 01 माह बीतने के बाद भी संबंधित सचिव द्वारा कोई सार्थक कार्यवाही न किए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और जिला पंचायत राज अधिकारी को सचिव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर भी किसान दिवस के दौरान चर्चा की गई। बिलारी और बेलवाड़ा चीनी मिलों में लंबित गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति के बारे में जिलाधिकारी ने संबंधित जीएम से भुगतान न किए जाने के कारणों के बारे में पूंछा और कहा कि यथाशीघ्र किसानों का शतप्रतिशत मूल्य भुगतान हो जाना चाहिए। साथ ही जिला गन्ना अधिकारी को निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। ग्राम श्यामपुर हादीपुर में संचालित मदिरा दुकान की वजह से स्थानीय लोगों को हो रही दिक्कतों से जुड़ी शिकायत के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा इस दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित कराने की कार्यवाही की जाए। जनपद में खाद आपूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी ने किसानों से बातचीत की। किसानों ने बताया कि नैनो टैगिंग की शिकायतें समय-समय पर की जा रही हैं।जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी और एआर कोऑपरेटिव को निर्देशित किया कि नैनो टैगिंग को नियमानुसार प्रोत्साहित किया जाए परंतु किसी भी किसान पर नैनो यूरिया की खरीद के लिए दबाव बनाने जैसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए। बैठक में किसानों ने बताया कि ऐसे प्राइवेट विक्रेता जो खाद की बिक्री कर रहे हैं उनमें से कुछ लोग नैनों टैगिंग नहीं कर रहे हैं परंतु उसके बदले वे 100 रुपए महंगी खाद बेंच रहे हैं। जिलाधिकारी ने इन शिकायतों पर नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि नियमानुसार खाद की आपूर्ति प्रक्रिया में बाधक लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। कृषि कार्यों से जुड़े संसाधनों की आपूर्ति में किसी भी स्तर पर अनियमितता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद केंद्रों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध होने चाहिए और किसानों को अपने धान की बिक्री के दौरान कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर एसपी ग्रामीण श्री आकाश सिंह, एडीएम प्रशासन श्री गुलाबचंद्र, सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह, उप निदेशक कृषि श्री संतोष कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। ओटीडी के अंतर्गत जिले में चल रहे सर्वे कार्य की जिलाधिकारी ने की समीक्षा आमजन सर्वे टीम को निन्संकोच होकर सही जानकारी दें, गोपनीय रहेगी जानकारी - जिलाधिकारी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने के लिए शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर गठित समिति के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में जुलाई 2025 से चल रहे आवधिक श्रम बाल सर्वेक्षण एवं असंगठित क्षेत्र वार्षिक सर्वेक्षण की प्रगति के संबंध में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्री प्रमोद कुमार से जानकारी प्राप्त की। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि आवधिक श्रम बाल सर्वेक्षण के लिए 02 और असंगठित क्षेत्र वार्षिक सर्वेक्षण के लिए 04 टीमें जनपद में सर्वे कार्य कर रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि टीम के प्रत्येक व्यक्ति के पास विभागीय आई-कार्ड अनिवार्य रूप से होना चाहिए ताकि आमजन को अपनी निजी जानकारी साझा करने में कोई संदेह न हो। उन्होंने कहा कि आमजन भी सर्वे टीम को सहयोग प्रदान करें तथा उनके द्वारा जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी जा रही है उनकी सही जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि जनपद का डाटा व्यवस्थित किया जा सके और जनपद के निवासियों द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भागीदारी का आकलन हो सके। इस सर्वे में प्राप्त होने वाली जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा कराए जा रहे सर्वे कार्य का मुख्य उद्देश्य आवधिक श्रमबल और असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों की जिले की अर्थव्यवस्था में भागीदारी का आकलन करना है ताकि आमजन की जरूरतों के अनुरूप योजनाओं को बनाकर उनका क्रियान्वयन करके प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेजी से गति दी जा सके। क्या है आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यह भारत में रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति को समझने के लिए कराया जाने वाला एक महत्वपूर्ण सर्वेक्षण है जो प्रदेश में पहली बार लागू कराया गया है यह सर्वेक्षण ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार बेरोजगारी और श्रम बाल भागीदारी दरों पर डाटा प्रदान करता है आवधिक श्रम बाल सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य देश में रोजगार और बेरोजगारी के प्रमुख संकेतकों का अनुमान लगाना है जो नीतियों और कार्यक्रमों को बनाने में मदद करता है। इसका उद्देश्य रोजगार और बेरोजगारी का आकलन आर्थिक विकास को समझने में सहायता श्रम बाजार की गतिशीलता को समझना कौशल विकास और आजीविका विकल्पों की जानकारी और लैंगिक क्षेत्रीय वस्तु स्थिति को समझना है। असंगठित क्षेत्र वार्षिक सर्वेक्षण की आवश्यकता- यह सर्वेक्षण भी जनपद स्तर के अनुमान प्राप्त करने के लिए जुलाई 2025 से कराया जा रहा है जिसमें चयनित उद्योगों के उद्यम स्वामित्व परिवारों से टैबलेट के माध्यम से आंकड़े एकत्र किए जा रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश में पहली बार जनपदों में प्रभावी बनाया गया है। जनपद के आर्थिक परिदृश्य विशेष कर गैर कृषि असंगठित क्षेत्र को समझने के लिए असंगठित क्षेत्र उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो अर्थव्यवस्था की संरचना रोजगार और आर्थिक योगदान के बारे में जानकारी प्रदान करता है इसमें कृषि को छोड़कर विनिर्माण व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्र पर डाटा एकत्र किया जाता है जो कंपनी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है देश की बड़ी आबादी असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है इसलिए यह सर्वे रोजगार और आजीविका नीति बनाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा इस सर्वे से प्राप्त आंकड़े राज्य एवं जिला घरेलू उत्पाद जैसे अन्य व्यापक महत्वपूर्ण आर्थिक संकेत की गणना के लिए प्रयुक्त होंगे साथ ही असंगठित क्षेत्र की आवश्यकताओं की अनुरूप नीति निर्धारण में भी सहायक होंगे।



# वर्जिनिटी सर्टिफिकेट विवादः मदरसे में विदेशी फंडिंग का शक... खंगाले जाएंगे बैंक खाते; सांसद ने कही यह बात

मदरसे में आठवीं कक्षा में दाखिला देने से पहले छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने के मामले में पुलिस को जांच में खामियां मिली हैं। छात्राओं के हॉस्टल से लेकर क्लास रूम तक पुलिस को व्यवस्था सही नहीं मिली। आठवीं कक्षा में दाखिला देने से पहले 13 साल की छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट (कौमार्य प्रमाणपत्र) मांगने के बाद विवादों में आए मदरसा जामिया एहसान-उल-बनात में विदेशी फंडिंग का शक है। पुलिस की जांच के दौरान मदरसे में कुछ ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस ने शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, जिला प्रशासन और बाल कल्याण समिति को रिपोर्ट भेजकर इस मामले में जांच कराने की मांग की है। मदरसे के बैंक खाते, मदरसा बोर्ड और यूपी बोर्ड से मान्यता से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी।पुलिस की जांच में सामने आया है कि पाकबड़ा के लोधीपुर मदरसा जामिया एहसान-उल-बनात के एक ही परिसर में मदरसा बोर्ड और यूपी बोर्ड की एक से बारहवीं तक कक्षाएं चल रहीं हैं। छात्राओं के हॉस्टल से लेकर क्लास रूम तक खामियां मिली हैं। पुलिस की जांच में कुछ ऐसी गतिविधियां और संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं जिनकी संबंधित विभाग से जांच कराया जाना जरूरी हो गया है। पुलिस ने शुक्रवार को करीब दो घंटे जांच पड़ताल की थी। शनिवार को टीम जांच करने पहुंची। मदरसे में आस पड़ोस के जिलों के अलावा दूसरे प्रदेशों की छात्राएं भी पढ़ रहीं हैं।इसमें बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड की भी छात्राएं हैं। पुलिस को कुछ ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिसके आधार पर पुलिस को शक है कि मदरसे को विदेशी फंडिंग हुई है। इसलिए मदरसे के खातों की जांच होनी है। इसके बाद ही सामने आएगा कि किस देश से मदरसे को फंडिंग हुई है। लंबे समय से मदरसा और कॉलेज एक ही परिसर में चल रहा है। इसलिए मदरसा बोर्ड और यूपी बोर्ड की ओर से इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि इस प्रकरण में गहनता से जांच की जा रही है। संबंधित विभागों से जांच में सहयोग मांगा गया है।छात्रा से कौमार्य प्रमाणपत्र मांगने के आरोपी को भेजा जेल पाकबड़ा थानाक्षेत्र के लोधीपुर राजपूत स्थित मदरसा जामिया एहसान-उल-बनात में 13 वर्षीय छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट (कौमार्य प्रमाणपत्र) मांगने के आरोपी एडमिशन सेल प्रभारी मो. शाहजहां को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में प्रधानाचार्य रहनुमा समेत अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। चंडीगढ़ के मनीमाजरा क्षेत्र निवासी एवं टेलर का काम करने वाले व्यक्ति ने शुक्रवार को पाकबड़ा थाने में मदरसा जामिया एहसान-उल-बनात की प्रधानाचार्य रहनुमा, एडमिशन सेल के प्रभारी मो. शाहजहां और अन्य स्टाफ के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में अपनी बेटी का मदरसा जामिया एहसान-उल-बनात में कक्षा सात में दाखिला कराया था।बेटी ने सातवीं पास कर ली और इस बार आठवीं कक्षा में दाखिला होना था। 16 जुलाई को वह बेटी को चंडीगढ़ ले गए। उनकी पत्नी 21 अगस्त को बेटी के साथ मदरसा पहुंची थीं। आठवीं कक्षा में दाखिला करने के लिए प्रधानाचार्य रहनुमा और एडमिशन सेल प्रभारी मो. शाहजहां से मिलीं। आरोप है कि दोनों ने पहले 35 हजार जमा करा लिए। इसके बाद वर्जिनिटी सर्टिफिकेट की मांग की गई। मेडिकल रिपोर्ट न देने पर उनके साथ मदरसा स्टाफ ने अभद्रता की और धक्के देकर उन्हें बाहर निकाल दिया था। र छात्रा का वीडियो और तहरीर वायरल हुई थी। इसमें छात्रा द्वारा टीसी फार्म पर लिखे गए घटनाक्रम को भी वायरल किया गया है। इसके बाद पुलिस ने मदरसे में पहुंचकर जांच की तो टीसी फार्म भी मिल गया। जिसर छात्रा ने वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने, अपमानित करने और पिता के साथ अकेले रहने की बात को लिखा है। इस टीसी फार्म से केस और मजबूत हो गया है।पाकबड़ा के मदरसे में शनिवार दोपहर एसडीएम सदर डॉ. राममोहन मीना, संभल के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार और जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय जांच करने पहुंचे। उन्होंने मदरसे के दस्तावेज खंगाले और स्टाफ से भी पूछताछ की। लंबी जांच पड़ताल के बाद टीम लौट गई। सोमवार को दोबारा टीम मदरसा जाकर जांच करेगी।छात्रा से कौमार्य प्रमाणपत्र मांगने को लेकर विवादों में आए मदरसा जामिया एहसान-उल-बनात की जांच के लिए डीएम अनुज सिंह ने एसडीएम सदर डॉ. राममोहन मीना के नेतृत्व में टीम का गठन किया है। टीम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार और जिला विद्यालय निरीक्षक को भी शामिल किया गया है। शनिवार की दोपहर तीनों अधिकारी मदरसा पहुंचे। जहां मदरसे के दस्तावेज खंगाले गए। प्रधानाचार्य रहनुमा अवकाश पर हैं और एडमिशन सेल प्रभारी मो. शाहजहां को जेल भेज दिया गया।स्टाफ भी कम ही पहुंचा। अधिकारियों ने मदरसे में जो भी कर्मचारी मिले उनसे पूछताछ की। यूपी बोर्ड और मदरसा बोर्ड से मिली मान्यता संबंधित दस्तावेज भी चेक किए। एसडीएम सदर डॉ. राममोहन मीना का कहना है कि शनिवार को मदरसे में जांच की गई है। दस्तावेज चेक किए गए हैं। अभी इस मामले में जांच पूरी नहीं हुई है। सोमवार को टीम दोबारा मदरसा जाएगी। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।मदरसा प्रकरण की हो निष्पक्ष जांच- सांसद रपुलिस के आला अधिकारियों से वार्ता करेंगी। वार्ता के दौरान वह मांग करेंगी कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए और निर्दोष व्यक्तियों पर कार्रवाई न की जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हो रही हैं। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग मदरसा में छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने के मामले में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट की मांग करना बेहद शर्मनाक, अमानवीय, निंदनीय एवं दंडनीय कृत्य है। इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। ताकि सभी बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके व वे निर्भय एवं भेदभावमुक्त वातावरण में अध्ययन कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद से 25 हजार का इनामी बांग्लादेशी गिरफ्तार, आलीशान फ्लैट में रह रहा था, मेरठ से बनाए थे दस्तावेज

मुरादाबाद पुलिस ने आकाश ग्रीन सोसायटी से 25 हजार के इनामी बांग्लादेशी अनस को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ 2023 में फर्जी आधार कार्ड बनाकर भारत में परिवार के साथ रहने का केस दर्ज हुआ था। पुलिस तब से उसकी तलाश में थी।सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में आकाश ग्रीन सोसायटी में रह रहे 25 हजार के इनामी बांग्लादेशी अनस को कटघर थाने की पुलिस और एटीएस ने दबोच लिया। आरोपी और उसके परिवार के पांच लोगों के खिलाफ 16 अप्रैल 2023 को कटघर थाने में केस दर्ज किया गया था। तब से पुलिस अनस की तलाश में जुटी थी लेकिन अनस पुलिस को चकमा देकर शहर की पॉश कॉलोनी में आराम से फ्लैट में रह रहा था।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल 2023 को कटघर थाने की पुलिस ने कोहिनूर तिराहा के पास से बांग्लादेश के रहने वाले निसार और उसके परिवार के पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। यह सभी लोग फर्जी आधार कार्ड बनाकर यहां किराये के मकान में रह रहे थे।निसार से पूछताछ में ही पता चला कि उसका बेटा अनस भी उनके साथ रहता है लेकिन वह पुलिस के आने से पहले ही भाग गया था। तब से पुलिस अनस की तलाश में जुटी थी। एसएसपी सतपाल अंतिल ने आरोपी अनस की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। शुक्रवार की देररात कटघर थाने की पुलिस और एटीएस ने कटघर क्षेत्र से अनस को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी से फर्जी आधार कार्ड बरामद किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मुरादाबाद में अलग-अलग जगह पर किराये का मकान लेकर रह रहा था। पिछले कुछ समय से वह सिविल लाइंस क्षेत्र के रामगंगा विहार स्थित आकाश ग्रीन सोसायटी में फ्लैट लेकर रह रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी अनस को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। मेरठ में बनवाए थे फर्जी आधार कार्ड कटघर थाने की पुलिस ने 16 अप्रैल 2023 को कटघर के रहमतनगर में किराये के मकान में रहने वाले निसार, उसकी पत्नी फतिमा उर्फ अमीना उर्फ मोटी, मेरठ के हापुड़ रोड अह्लीपुर जिमखाना फफूंदा निवासी उसकी बेटी रिहाना, अर्शी और तीसरी बेटी गुलशन पत्नी मो. जाहिद को गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ के धोखाधड़ी, जालसाजी और विदेशी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। जांच में सामने आया था कि पांचों आरोपी बांग्लादेश के उखिया कोक्स बाजार के बालू खाली कैंप आठ डब्ल्यू निवासी हैं। सभी ने मेरठ फर्जी कागजात बनवाए थे। पुलिस ने इन सभी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था लेकिन अनस हाथ नहीं आया था। 19 साल पहले अपनी मां और बहनों के साथ भारत आया था अनस अनस 19 साल पहले अपनी मां, बहनों के साथ भारत आया था। उस वक्त अनस छोटा था। इस परिवार ने मेरठ की मीट फैक्टरी में काम किया था। इसके बाद आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज बनवा लिए थे। इसके बाद यह परिवार मुरादाबाद में आकर रहने लगा था।




दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर कुर्मी क्षत्रिय सभा का भव्य आयोजन, मेधावी और सीनियर सिटीजन होंगे सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। कुर्मी क्षत्रिय सभा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को ब्रह्मपुरा स्थित सरदार पटेल स्मारक कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में भव्य समारोह आयोजित करेगी। रविवार को सभा के पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद छत्रपाल गंगवार शामिल होंगे। वहीं




अतिविशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. एम.पी. आर्य, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह गंगवार (वीरू), अर्बन कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष श्रुति गंगवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ऐबरन कुमार गंगवार, उषा गंगवार, नीरू पटेल, पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार, नरेन्द्र पाल सिंह गंगवार सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10ः30 बजे होगा और यह शाम 4ः30 बजे तक चलेगा। इस दौरान पटेल स्मारिका का विमोचन किया जाएगा और कुर्मी क्षत्रिय सभा की वर्तमान गतिविधियों व भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होगी। मुख्य अतिथि मेधावी छात्र-छात्राओं और 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अध्यक्ष केपी सेन गंगवार, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह, आरसी लाल, आडीटर मनोज बाबू, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार, सदस्य अरविंद पटेल, डॉ. उग्रसेन गंगवार, अमित गंगवार, खेमेन्द्र पाल सिंह, मनोहर लाल गंगवार, भद्रपाल गंगवार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधान के बेटे ने किशोरी को बंधक बनाकर किया रेप, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। फरीदपुर में भुता थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी को बंधक बनाकर प्रधान के बेटे ने दुष्कर्म किया। दो घंटे बाद आरोपी के चंगुल से छूटकर किशोरी अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात भुता क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय किशोरी घर के बाहर गली में जा रही थी। तभी गांव की महिला प्रधान के बेटे ने उसे दबोच लिया और घसीटते हुए अपने घर में ले गया। किशोरी ने चीखने की कोशिश की तो हत्या की धमकी देकर चुप करा दिया। इसके बाद कमरे में बंधक बना किशोरी से दुष्कर्म किया। उधर, किशोरी के परिजन उसे खोजने में लगे रहे। दो घंटे बाद किशोरी बदहवास हालत में घर पहुंची। उसकी आपबीती सुनकर परिजनों ने भुता थाने की वेबल बसंतपुर चौकी को सूचना दी। पुलिस ने प्रधान के बेटे को हिरासत में ले लिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने प्रधान के बेटे के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार ने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है। उसके शैक्षिक प्रमाण पत्र की जांच की जा रही है। उधर, ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी की शादी तय हो चुकी है। दुष्कर्म का आरोप लगा तो आरोपी के परिजन उसे नाबालिग बता रहे हैं। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

# रात में प्रेमिका से मिलने आया युवक, सुबह मिली लाश; पीट-पीटकर हत्या का आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। पीलीभीत के बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव पटनिया निवासी 27 वर्षीय आदेश सिंह का शव रविवार को सुबह बरेली के फरीदपुर थाने के गांव मनपुरा में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने पड़ोसी गांव के कुछ लोगों पर बेटे की पीटकर हत्या करने और फिर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जांच कर रही है। घायल अवस्था में जाते आदेश के कई वीडियो भी



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में आदेश जमीन पर बेसुध पड़ा है। उसकी नाक से खून निकल रहा है। कोई उसे डंडा मारता है। बताया जा रहा है कि आदेश शनिवार रात गांव कपूरपुर में अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। इसी दौरान लड़की के घरवालों ने उसे घेर लिया। आदेश के पिता ने फरीदपुर थाना प्रभारी को जानकारी दी कि उनके बेटे का कपूरपुर की लड़की से प्रेम प्रसंग था। लड़की के बुलाने पर ही आदेश यहां आया था। आरोप है कि प्रेमिका के घरवालों ने आदेश को घेर लिया और बेरहमी से उसकी पिटाई की। उन्हें लगता है कि इन लोगों ने पीटकर आदेश की हत्या कर दी। फिर घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ पर फंदे से लटका दिया। फरीदपुर थाना पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को सूचना देकर बुलाया। पुलिस मान रही है कि पिटाई के बाद शर्मिंदगी या कार्रवाई से डर से युवक ने आत्महत्या कर ली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा ।

# बालिका से छेड़छाड़ में मुख्य आरोपी को हाफिजगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा हाफिजगंज , बरेली । थाना हाफिजगंज क्षेत्र में निवासी बब्लू पुत्र प्रेमपाल वार्ड नं. 1 कस्बा रिठौरा थाना हाफिजगंज ने थाने में सूचना दी कि आरोपी अजय ने उनकी नाबालिग बहन के साथ छेड़छाड़ की है । शिकायत करने पर अजय के साथियों ने वादी पर लाठी-डंडों से हमला किया,

गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। इस आधार पर थाना हाफिजगंज पुलिस ने मु0अ0सं0 448/25 धारा 74/131/352/351(2) बी.एन.एस. दर्ज किया । विवेचना के दौरान धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। हाफिजगंज पुलिस टीम जिसमें वरिष्ठ उपनिरीक्षक मदन गोपाल और कांस्टेबल प्रेम सिंह ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने काण्डूपुल के पास जाल बिछाकर आरोपी अजय को रविवार की सुबह 11ः20 बजे गिरफ्तार किया । आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:- अजय पुत्र सुम्मेरी लाल नि0 मो0 जाटवपुरा कस्बा रिठौरा थाना हाफिजगंज ,बरेली उम्र 21 वर्ष गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मदन गोपाल कांस्टेबल प्रेम सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# संत शिरोमणि नामदेव जी ने समानता , भाईचारे और इंसानियत का दिया संदेश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली ,समाजवादी पार्टी कार्यालय, मिशन कंपाउंड सिविल लाइंस बरेली में आज संत शिरोमणि नामदेव जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने की। जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव जी ने समानता, भाईचारे



और इंसानियत का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को दिशा देता है। समाजवादी पार्टी संतों के बताए मार्ग पर चलते हुए हर वर्ग के सम्मान और अधिकार के लिए संघर्षरत है। महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी जी ने कहा कि संत नामदेव जी ने समाज में भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई थी, उनकी शिक्षाएँ आज के दौर में और भी प्रासंगिक हैं। अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर जी ने कहा कि संत नामदेव जी ने जीवन भर समानता, श्रम और आत्मसम्मान की अलख जगाई। समाजवादी विचारधारा भी इन्हीं मूल्यों पर आधारित है। संतों और समाजवादियों का उद्देश्य हमेशा शोषणमुक्त समाज की स्थापना रहा है। गोष्ठी का संचालन जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर संत नामदेव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह यादव,महानगर उपाध्यक्ष राजेश मौर्य, अशोक यादव जिला कोषाध्यक्ष ,अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष श्यामवीर यादव,संजय वर्मा एडवोकेट,जितेंद्र मुंडे,संजीव कश्यप, बृजेश आजाद,कैंट विधानसभा अध्यक्ष हरिओमप्रजापति,रमीज हाशमी आदि लोग मौजूद रहे।

# चरण सुहावा गुरु चरण यात्रा का किया भव्य स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। दिल्ली से पटना साहिब तक बरेली के रास्ते सिख संगत की नगर कीर्तन के रूप में जाने वाली चरण सुहावा (गुरु चरण यात्रा) का आज धार्मिक सेवा समिति बरेली द्वारा भव्य स्वागत मॉडल टाऊन पुलिस चौकी के पीछे किया गया। धार्मिक सेवा समिति के रवि छाबड़ा ,सुशील अरोड़ा वा सदस्यों द्वारा सिख संगत पर फूलों की जोरदार वर्षा कर एवं गुरु के पंच प्यारो का और चरण पादुका का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।



धार्मिक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री रवि छाबड़ा ने सारी सिख संगत को वा सभी भक्तजनों को बहुत बहुत बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुशील अरोड़ा,रवि छाबड़ा,रिंकू बग्गा,गोविंद तनेजा,अतुल कपूर,संजय आनन्द,अनिल अरोरा,नवीन अरोड़ा,जुगल किशोर,कमल नयन सपरा,अजय अरोरा,संजीव चांदना ,रंजन कुमार,रोहित भसीन आदि मौजूद रहे।

# शारदकाल में रोगरोधी अगेती गन्ना किस्मों की बुवाई करे किसान भाई

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत 26 अक्टूबर को खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा गन्ना विकास परिषद् बीसलपुर के ग्राम भसूड़ा मे आधार पौधशाला का सत्यापन किया द्य यह पौधशाला बसंतकाल मे उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद् शाहजहांपुर से गन्ना किस्म कोशा. 18231 का बीज लाकर स्थापित की गयी थी द्य यह गन्ना किस्म जल्दी पकने वाली अगेती गन्ना किस्म है द्य इसमें टिलरिंग बहुत अच्छी होती है जिससे मिल योग्य स्वास्थ्य गन्ने अधिक प्राप्त होते है द्य गन्ने की सूखी पत्तियाँ आसानी से उतर जाती है द्य यह किस्म लाल सड़न रोग व स्मट रोग के प्रति मध्यम रोगरोधी है द्य वर्तमान मे शरदकालीन



गन्ना बुवाई तेजी से हो रही है द्य किसान भाई शरदकालीन गन्ना बुवाई के लिये गन्ना किस्मो का चयन बहुत सावधानी पूर्वक करे द्य यदि सही किस्मो का चयन नहीं किया तो साल भर पछताना पड़ेगा द्य शरदकाल मे गन्ना किस्म कोशा 18231,को लख.14201, कोशा. 17231,को लख. 16202,को लख. 94184,कोशा. 08272 का चयन करने से अच्छी पैदावार मिलती है द्य पीलीभीत के गन्ना किसान को लख. 14201 को शरदकाल मे बुवाई हेतु काफी पसंद कर रहे है द्य इसका मुख्य कारण है कि यह किस्म 10 से 11 महीने मे तैयार हो जाती है द्य इसमें चीनी पर्ता 10.5 से 11.50 प्रतिशत तक होता है द्य इसका गन्ना लम्बा, मोटा होता है तथा गांठे समान दूरी पर होती है द्य इसमें लाल सड़न रोग व पोक्का बोईंग का प्रकोप कम होता है द्य जहाँ पर मध्यम जलभराव होता है वहाँ पर भी यह किस्म अच्छी पैदावार देती है द्य किसान भाई बीज का चयन करते समय यह जरूर देख ले की पौधशाला मे कोई कीट या बीमारी तो नहीं लगी है द्य 8 से 10 महीने के गन्ने का 1/2 ऊपर का गन्ना ही बुवाई मे प्रयोग करे द्य दो आँख के टुकड़ो से बुवाई करे द्य आजकल किसान भाई गन्ने की पौध तैयार करके पौध को खेत मे रोपते है जिससे 15 से 20 कुं बीज एक हे. मे लगता है द्य किसान भाई गन्ने की पौध गन्ना विकास परिषद् पीलीभीत, मझोला, बरखेड़ा, पूरनपुर एवं बीसलपुर के महिला स्वयं सहायता समूहों से भी ले सकते है द्य इसके लिये अपने सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक या ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से संपर्क करे द्य

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### जाम में फशी गाड़ियां खिसक खिसक कर चलती रही, जाम की लंबी कतार

क्यूँ न लिखूँ सच / ताज मलिक / अमरोहा- उत्तर प्रदेश /जिला अमरोहा के कस्बा हसनपुर में गजरौला से संभल मार्ग का आवागमन तेजी से हो रहा इसी के साथ-साथ पूर्व में जैसे की



दीपावली गोवर्धन धनतेरस भैया दूज पर्व पर आने वाले सभी भाई बहनों का प्यार निभाने के लिए अपने भाइयों के घर भैया दूज मनाने फिर वापस आने को लेकर वहीं व्यापार का भी कारोबारी का आवागमन लाना ले जाना तेजी से वाहनों का रोड पर चलना जिसकी वजह से आज हसनपुर संभल मार्ग पर द्धद्य जाम लगा रहा जहां राहीगिर जाम के कारण परेशान रहे वहीं हसनपुर कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश महोदय ने जाम खुलवाया और तब कहीं जाकर राहीगिर ने सांस ली हसनपुर संभल मार्ग पर जाम खुलवाते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं इसे कहते हैं एक तेज तर्रार ऑफिसर

### एसटीएफ ने पकड़ा अंतरराज्यीय अफीम तस्कर गिरोह छह आरोपी गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । एसटीएफ यूनिट ने अंतरराज्यीय स्तर पर अफीम व अन्य मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने



आरोपियों से 4.131 किलो अफीम बरामद की है। एसटीएफ के एएसपी अब्दुल कादिर ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र में जंक्शन रोड से आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इन आरोपियों में चार बरेली के और दो लोग झारखंड के रहने वाले हैं। गिरोह में आंवला थाने के देवकोला गांव निवासी तेजराम, मनौना गांव निवासी अंकित सिंह, बिलौरी गांव निवासी शेर सिंह, व सुभाषनगर थाने के करेली गांव निवासी राजकुमार उर्फ देवांश वर्मा शामिल हैं।

### अब सौ फुटा तिराहे पर बनेगा फ्लाईओवर, शासन ने मांगा प्रस्ताव, वन मंत्री डॉ अरुण करेंगे पैरवी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बरेली-पीलीभीत मार्ग पर 646.80 मीटर लंबा फोर लेन फ्लाईओवर (पुल) बनेगा। सौ फुटा तिराहे पर बनने वाले इस पुल से पीलीभीत रोड पर आने-जाने वाले वाहनों को जाम से मुक्ति मिलेगी। राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार की पैरवी पर शासन ने इसका विस्तृत प्रस्ताव मांगा है। पहली सूची में ही इस पुल के निर्माण को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। प्रदेश के वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार की पैरवी पर प्रारंभिक सर्वेक्षण हुआ। इसके बाद 67 करोड़ रुपये अनुमानित लागत मानते हुए सेतु निगम ने अपनी वार्षिक कार्ययोजना में पुल को शामिल किया था। राज्य सरकार ने यूपी के विभिन्न जिलों की कार्ययोजना में शामिल किए गए तमाम पुलों में से 40 के निर्माण को प्राथमिकता में लिया है। इसमें बरेली का यह पुल भी शामिल है। अभी विस्तृत सर्वेक्षण के साथ इसकी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए चौराहों का होगा अध्ययन, बढ़ते ट्रैफिक के बीच सुरक्षित सफर के लिए नगर निगम शहर के चौराहों का निजी फर्म से अध्ययन कराएगा। इसकी रिपोर्ट अगले माह आएगी। इसके तीन महीने बाद काम शुरू होगा। पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि नौ चौराहों को अध्ययन के लिए चुना गया है। रिपोर्ट आने के बाद भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए काम कराए जाएंगे। मंत्री जी करेंगे पैरवी वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री का कहना है की मैं सेतु निगम और शासन के अधिकारियों से बात कर पुल के निर्माण के लिए पैरवी करूंगा। भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए पुल जरूरी है। इसलिए मैंने इसका सर्वेक्षण कराया था। अब स्वीकृति जारी होनी है। - डॉ. अरुण कुमार, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)



# मझोला दिवाली फेस्ट हुआ सम्पन्न, दिव्यांशी गुसैन बनी मझोला आईडल

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत/ मझोला में चल रहे तीन दिवसीय दशहरा एवं दीपावली मेले "The Diwali Fest का गत रात्रि बड़े ही धूमधाम से समापन हो गया जाते जाते यह आयोजन ना सिर्फ इस क्षेत्र में अब तक हुए सबसे बड़े आयोजन के रूप में दर्ज हो गया बल्कि पहली बार क्षेत्र को लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा दी गयीं प्रस्तुतियों का भी बढ़ चढ़ कर आनंद लिया और तीन दिन इस महा आयोजन में आयोजित हुए अनेकों सांस्कृतिक, रंगारंग कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं झूलों और स्टाल्स का भरपूर लुत्फ़ उठाते हुए हजारों लोगों मीठी यादों के साथ अगले वर्ष फिर एक और महा आयोजन में मिलने की उम्मीद के साथ इस अपने अपने घरों को गए ढ्ढ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय गंगवार और मुख्य विकास अधिकारी पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्र, उत्तराखंड के दर्जा राज्यमंत्री राजपाल के PRO चमकौर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव, विस्तारक प्रमुख भाजपा उत्तर प्रदेश अलंकर शर्मा, भाजयुमो समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम के समापन सत्र का भेंट कर और बैज और पटका देकर सम्मानित किया गया ढ्ढ ने सामाजिक मूल्यों पर आधारित विशेष नाट्य प्रस्तुति बागवां दिया और लोगों को अपने माता पिता के सम्मान करने का चम्पावत से आये ष्ठष्ठक्र ग्रुप और खटीमा से आये स्टेप ट्यून जोश का संचार कर दिया ढ्ढ खटीमा से आये उत्तराखंड के भजन प्रस्तुत कर सभी के दिल को जीत लिया ढ्ढ यूरोप से





विराट और भव्य आयोजन को अलविदा कहते हुए बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा अति विशिष्ट अतिथि पीलीभीत(CDO) आर के श्रीवास ने विशिष्ट अतिथि पीलीभीत आलोक शर्मा, पीलीभीत बार एसोसिएशन सिंह, ब्लाक प्रमुख प्र. पूरनपुर अपूर्व सिंह, मंत्री जी पूर्व ब्लाक प्रमुख खटीमा रंजीत सिंह नामधारी, प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू वाल्मीकि के साथ मां शारदे के शुभारम्भ किया ढ्ढ सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर मझोला के विद्यार्थियों का मंचन कर उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर सन्देश दिया तो वहीँ उत्तराखंड के बनबसा और डांस ग्रुप ने अपनी डांस प्रस्तुतियों से वातावरण में प्रसिद्ध बाल गायक शिवांशु मेहता ने प्रभु श्री राम के आई कलाकार एमिना ने कई हिंदी गानों पर और विंग्स पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके समां बाँध दिया I दिल्ली से आयीं IPL होस्ट मनीषा पाण्डेय ने तारे गिन गिन याद च तेरी मैं ता जागां रातां नूं गाने पर विशेष फ़्लैश लाइट गेम करवा कर लोगों को थिरकने पर विवश कर दिया तो वहीँ उपस्थित दर्शकों के मध्य अनेकों गेम करवाकर सबका खूब मनोरंजन किया और लोगों को खूब गुदगुदाया ढ्ढ वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल का कल जन्मदिन होने के चलते सभी अतिथियों ने मंच पर इसका जश्न मनाया और उनको बधाई दी ढ्ढ कार्यक्रम में हुई आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता में दर्जनों बच्चों ने बहुत सुंदर तरीके से थाल सजाया जिनमे प्रथम स्थान हिमाचली द्वितीय तन्वी गोयल और तृतीय स्थान नंदिनी बरोई ने प्राप्त किया मझोला में पहली बार हुई मझोला आइडल प्रतियोगिता में काठगोदाम से आयीं दिव्यांशी गुसैन प्रथम स्थान प्राप्त कर बनीं मझोला आइडल तो वहीँ अकरम पाशा ने द्वितीय और अनमोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा बेहद सराहनीय प्रस्तुति हेतु उत्कर्ष को विशेष पुरुस्कार दिया गया जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पीलीभीत से आयीं अनंदिता मिश्रा ने प्राप्त किया और द्वितीय स्थान पर आर्यंश अग्रवाल और तृतीय स्थान पर अद्वैत नाथ मिश्र रहे तथा बेहद सराहनीय प्रस्तुति हेतु रमेश को विशेष पुरुस्कार दिया गया ढ्ढ डांस मझोला डांस प्रतियोगिता में सिंगल डांस के सीनियर वर्ग में सोनू टाइगर प्रथम प्रिंस द्वितीय और अक्षरा कश्यप तृतीय रहीं और जूनियर वर्ग में फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल पीलीभीत की छात्र मनरूप कौर ने जबरदस्त प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और लोगों की खूब तालियाँ बटोरीं और अपने प्रदर्शन से सबका मन मोह लेने वाली सनाया और याशिका गंगवार ने क्रमश: द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया ढ्ढ ग्रुप डांस में कलीनगर से आये क्क26 फ्लिपर ग्रुप ने जोरदार प्रस्तुति देकर पहले स्थान पर कब्ज़ा कर लिया और सोनिया ग्रुप तथा अनुष्का और सोनाक्षी ग्रुप ने भी लोगों की भरपूर सराहना प्राप्त करते हुए क्रमश: द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया ढ्ढसभी प्रतिभागियों को समीति द्वारा पुरुस्कृत किया गया ढ्ढ कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा किया गया जिसमे दर्जनों इनाम निकले गये और प्रथम पुरुस्कार एक फ्रिज करन गुम्बर का निकला तो वहीँ अनेकों अन्य आकर्षक पुरुस्कारों की निकलने के बाद घोषणा हुई ढ्ढ कार्यक्रम में खटीमा से आये अमन अग्रवाल और राकेश रोक्सी को उनके विशेष सहयोग हेतु सम्मनित किया गया ढ्ढ कार्यक्रम में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन अजय गोयल,अवधेश सिंह, संदीप अग्रवाल, खटीमा के सभासद सचिन अग्रवाल, विनीत मित्तल, नितिन गोयल, मनोज वाधवा, मनजिंदर सिंह,अजय शर्मा, अमन शर्मा मोहित गोगिया, गुलशन स्वर्णकार, चरणजीत सिंह, कारज गिल, कल्याण सिंह, पलविंदर सिंह, प्रवीन बंसल, दिलीप वर्मा, रविन्द्र सिंह नेगी,अवधेश सिंह, सतनाम सिंह, चन्दन बेदी, गुरप्रीत सिंह गोपी, सूर्य प्रकाश वर्मा समेत पूरी आयोजन समिति और हजारों लोग सम्मिलित रहे ढ्ढ

# ग्रामीणों की फरियाद पर प्रशासनिक अफसरों ने दिखायी दरियादिली, दारोगा मांग रहा लिखित परमीशन

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत/ जनपद पीलीभीत के अमरिया तहसील क्षेत्र के भिखारीपुर, भंगा मोहम्मद गंज माधौपुर मार्ग पर देवहा नदी में पिछले वर्ष जुलाई माह में आयी बाढ़ ने देवहा नदी सेतु के इर्द-गिर्द लगभग 600 मीटर सड़क जगह-जगह ध्वस्त हो गई, जिससे ग्रामीणों व क्षेत्रीय किसान ,जनता, स्कूली बच्चे मरीजों का आवागमन बाधित हो गया। गांव के दबंग नौ लोग सुरेश सागर, मोहन सागर, प्रमोद सागर, सागर, मो. राशिद और पप्पू ने पूर्व में पटरी पुलिस मौन थी। वही इस बार ग्राम पंचायत दबंगो ने विवाद खड़ा कर दिया और पुलिस ग्रामीणों से प्रशासन द्वारा जारी नदी पर पटरी लिया। जनहित की इस गंभीर समस्या को कुमार शर्मा,ख्यालीराम सोमपाल हरीश के सड़क निर्माण की मांग की और तत्काल में प्रशासन से अस्थाई पुल/पटरी बनवाने की



काली चरन सागर,कढे राम सागर, अरविंद सागर,ज्ञानेन्द्र बांधी थी और लाखों रुपए की बसूली की थी। जिस पर प्रधान सहित गांव वासियों ने जनहित में सेवा देनी चाही तो चौकी प्रभारी धीर सिंह एवं अतिरिक्त प्रभारी उदयवीर ने बांधकर आवागमन सुचारू करने का स्वीकृति पत्र मांग लेकर परेशान ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान, ओमप्रकाश,ललित हस्ताक्षर युक्त पत्र लेकर जिलाधिकारी पीलीभीत से मिले। खेती कार्य ब्लाक, तहसील मुख्यालय आवागमन के लिए गुहार लगाई यह भी कहा कि प्रशासन नहीं कर सकता तो स्वयं पटरी बांधने की अनुमति प्रदान की जाए तथा चौकी दारोगा की कार्यशैली से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने जनहित की समस्या पर दरियादिली पेश करते हुए ग्रामीणों से मौखिक कहा कि प्रशासन नियमानुसार कार्यवाही करेगा तब तक आप पटरी बांध लीजिए, आवागमन सुचारू कीजिए, कोई नहीं रोकेगा। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस चौकी प्रभारी भिखारीपुर धीर सिंह स्वीकृति पत्र मांग रहे हैं। जिलाधिकारी ने समझाते हुए कहा आप कह देना डी एम साहब ने कह दिया है इस दरियादिली की ग्रामीणों ने जिलाधिकारी की सराहना की तत्पश्चात बाढ़ खंड से वार्तालाप किया बाढ़ खंड ने भी मौखिक पटरी बांधने को कह दिया बाबजूद इसके लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से बात की तो अधिशासी अभियंता ने कहा पिछले वर्ष भी पटरी बधी थी आप बांध सकते हैं। बाकी पुल का कार्य की कार्यवाही को कार्ययोजना में शामिल कर लिया है बजट स्वीकृति प्राप्त होते ही काम शुरू करा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने जनपद के आला अधिकारियों से मुलाकात करने के पश्चात चौकी प्रभारी भिखारीपुर धीर सिंह को प्रकरण से सम्बंधित अधिकारियों की वार्तालाप से अवगत कराया जिलाधिकारी द्वारा कही बात को पुलिस चौकी प्रभारी को बताया लेकिन चौकी प्रभारी अपनी जिद पर अडिग है और लिखित परमीशन की मांग कर रहे है। गांव के दबंग लोगों की मदद करते हुए दबंग लोगों से समझौता करने की बात कह रहे हैं। आपको बता दें कि भिखारीपुर चौकी प्रभारी धीर सिंह की सरपरस्ती में देवहा नदी में जुगाडू नाव चल रही है।जिसमें राहगीरों से जमकर धन? वसूली की जा रही है। वही राहगीरों जुगाडू नाव चलाकर आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर कर रहे हैं जिससे लगातार अनहोनी की आशंका बनी हुई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या चौकी प्रभारी भिखारीपुर किसी बड़े हादसे के होने का इंतजार कर रहे हैं। योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त एवं ज़ीरो टारलेंस नीति के विपरीत दारोगा धीर सिंह दीवान अमित कुमार उदयवीर की मंशा जग जाहिर प्रतीत हो रही है । ग्रामीणों को पटरी बांधकर आवागमन सुचारू कार्य करने में बांधा उत्पन्न कर रहें। दारोगा जी जिला के ईमानदार जिलाधिकारी के नाम से इतनी चिढ़ और दबंगों की इतनी खुली मदद कि गांव आपकी नजरों में कुछ नहीं। हालांकि ऐसा पुलिस अफसर जनहित के काबिल नहीं है जहां जनपद के आलाधिकारी जनहित की समस्या को सुलझाने में लगे हो और आप उलझाने में लगे हो।

# बृजभूषण की बेटी ने मंच पर पढ़ी शायरी: बोलीं- पहलवान की बेटी हूं, हम लिख देते हैं इतिहास, पीठ पर वार नहीं करते

शालिनी बृजभूषण सिंह की इकलौती बेटी हैं। उन्होंने पांच किताबें भी लिखी हैं। उनके पति भाजपा नेता हैं। भाई की जीत पर भी शालिनी ने कविता पढ़ी। शालिनी ने छोटे भाई करण भूषण सिंह की लोकसभा चुनाव में जीत का जिक्र किया।बृजभूषण की कविता, बोली भेज देना उन्हें। पहली बार मंच पर शायरी की कैसरगंज सीट से भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण मंच से शायरी पढ़ी। शनिवार को नोएडा सेक्टर-121 पहुंचते ही उन्होंने कहा- मैं पहलवान की बेटी हूं। पहली यह मेरा पहला कवि-सम्मेलन है। मजाक-मजाक में वहीं कुश्ती संघ के अध्यक्ष सतपाल यादव के लिए कई शायरियां पढ़ीं, जिनकी लाइनें थीं- %जब पीठ सटा मैं भी मुक्का मारूंगा। जिंदाबाद तेरा भी जिसने यहां तक रसातल में हूं तो इससे नीचे कहां जाऊंगा, अब मैं भी की इकलौती बेटी हैं। उन्होंने पांच किताबें भी लिखी हैं। कविता पढ़ी। शालिनी ने छोटे भाई करण भूषण सिंह की भाई की एक तस्वीर थी, जिसमें वह चौखट पर मां को रणभूमि से लौटकर मां जब मैं तेरे गले लगा, वेदनाएं भी ऐसे ही गले लगती मां, आंसू खुशी के देखते थे तो




बेटी बोलीं- पहलवान की बेटी हूं, पहलवान के लिए पढ़ी पढ़ी- इतिहास लिखते हैं, पीठ पर वार नहीं करते...बहराइच शरण सिंह की बेटी शालिनी सिंह ने पहली बार सार्वजनिक होम्स 121 सोसाइटी में आयोजित कवि सम्मेलन में मंच पर बार मंच पर कविता पाठ कर रही हूं....मैं बिल्कुल नई कवि हूं, दोनों भाइयों करण और प्रतीक भूषण को बाहुबली बताया। उन्होंने कविता पढ़ी हालांकि कहा उन्हें भेज दीजियेगा। फिर दी मेरी, तो अब मैं भी धक्का मारूंगा। बहुत हुआ सम्मान अब पहुंचा है, दर्द में ही सही बड़ी हमदर्दी से छोड़ने आया है। अब लड़ूंगा अब मैं भी वापस आऊंगा।% शालिनी बृजभूषण सिंह उनके पति भाजपा नेता हैं। भाई की जीत पर भी शालिनी ने लोकसभा चुनाव में जीत का जिक्र किया। कहा- जीत के बाद गले लगा रहे थे। फिर उन्होंने एक भाई के लिए कविता पढ़ी- निष्क्रिय हुईं सब, हर घाव मध्यम लगा। जो हार भी जाता तब जीत कर मैं आया मां। भाग्य के ललाट पर कर्म का तिलक लगा सकता हूं, तेरे लिए मैं हर युद्ध जीत कर आ सकता हूं।कवियों के सम्मान में भी पंक्तियां पढ़ी- किसी चाकू, किसी खंजर, किसी तलवार से नहीं मारूंगा, यह वादा है मेरा, तेरी तरह पीठ पर वार से नहीं मारूंगा। अभी देख रहा हूं, तुझ में खुदगर्जी कितनी बाकी है। जब मैं मारने पर आऊंगा, किसी हथियार से नहीं मारूंगा। मार दूंगा शब्दों से, तो झेल न पाएगा बाण मेरा; लेखक हूं मैं, कलम के अलावा किसी और औजार से नहीं मारूंगा। इसके साथ ही कई और रचनाएं पेश कीं एक सल्तनत है लफ्जों की, हम दिखावा नहीं करते। हम लिख देते हैं इतिहास, हम दावा नहीं करते। हमने स्याह हरफो छू ली है रूह अपनी, हम मंदिर-मस्जिद, काशी-काबा नहीं करते। हम आएंगे तूफान बनकर-स्वागत की तैयारी रखना, धधकता विजय-घोष रखना, राजतिलक की थाली रखना। सास-ससुर हैं बिहार के पूर्व सांसद, नोएडा में पति के साथ रहती हैंपूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने शालिनी सिंह की शादी आरा से पूर्व सांसद स्व. अजीत सिंह और पूर्व सांसद मीना सिंह के इकलौते पुत्र विशाल सिंह से की है। विशाल सिंह बिहार के आरा के रहने वाले हैं, लेकिन वर्तमान में नोएडा में रहते हैं। वह भी भाजपा नेता हैं। वह राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के चेयरमैन भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

# 345 पुलिस कर्मियों को एसएसपी अनुराग आर्य ने दिया नकद पुरस्कार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा/ बरेली। पुलिस कर्मियों के उत्कृष्ट कार्य और सेवा भाव को प्रोत्साहित करने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 में बड़ी पहल की गई है। एसएसपी ने थानों और विभिन्न इकाइयों में तैनात कुल 345



पुलिसकर्मियों को नकद पुरस्कार ( रिवार्ड ) स्वरूप 8,07,750 रुपये की धनराशि प्रदान की। यह पुरस्कार राशि दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 09 अक्टूबर 2025 के बीच विभिन्न अवसरों पर दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा इन पुलिसकर्मियों को उनकी कार्यकुशलता, तत्परता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया था। संबंधित सभी पुलिस कर्मियों के खातों में यह राशि आंकी शाखा, बरेली के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की गई। इस रिवार्ड वितरण में निरीक्षक से लेकर आरक्षी स्तर तक के कर्मियों को शामिल किया गया। पदवार विवरण के अनुसार-निरीक्षक ( 09 ), निरीक्षक गोपनीय ( 02 ), उपनिरीक्षक ( 70 ), महिला उपनिरीक्षक ( 01 ), मुख्य आरक्षी ( 97 ), महिला मुख्य आरक्षी ( 07 ), आरक्षी ( 110 ), महिला आरक्षी ( 25 ), कम्प्यूटर ऑपरेटर ( 03 ), रेडियो उपनिरीक्षक ( 01 ), प्रधान परिचालक ( 01 ) और फायर सर्विस के 19 कर्मी शामिल हैं। श्री आर्य के अनुसार इन नकद पुरस्कारों का उद्देश्य कर्मठ और ईमानदार पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाना है, ताकि वे भविष्य में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और तत्परता से करते रहें। नकद पुरस्कार मिलने से पुलिस कर्मियों में उत्साह का माहौल है।

# मुरादाबाद की छात्रा ने एएमयू हॉस्टल में की आत्महत्या, फोन पर सूचना...परिजन रह गए सन्न, मच गया कोहराम

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में मुरादाबाद निवासी छात्रा ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। दीपावली की छुट्टी पर उसकी रूम पार्टनर घर गई हुई थी। परिजनों को सूचना मिलने पर उनमें कोहराम मच गया। सिविल लाइंस के अगवानपुर की रहने वाली बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में मुमताज हॉल के कमरे में फंदे से लटककर



आत्महत्या कर ली। शनिवार शाम मुमताज हॉल के कमरे में लटका मिला। शुक्रवार देर रात से अंदर से कमरा बंद होने पर जब संदेह हुआ तब यह घटना प्रकाश में आई।फिलहाल कारणों को लेकर पुलिस व एएमयू इंतजामिया के अधिकारी जांच में जुटे हैं। फॉरेंसिक जांच के लिए कमरा सील कर दिया गया है। मूल रूप से मुरादाबाद जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र के अगवानपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती एएमयू वीमेंस कॉलेज में बीए की छात्रा थी। वह कॉलेज परिसर के ही मुमताज हॉल में एक अन्य साथी छात्रा संग रहती थी।दीपावली की छुट्टी होने पर साथी छात्रा अपने घर गई थी। वह अभी वापस नहीं आई। एएमयू प्रॉक्टर प्रो. वसीम अली के अनुसार मुमताज हॉल के प्रोवोस्ट व वार्डन के जरिये शनिवार शाम आठ बजे यह खबर मिली कि एक कमरा शुक्रवार देररात के बाद से खुला नहीं है। इस जानकारी पर जांच करते हुए कमरा प्रयास कर खोला गया तो कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे छात्रा का शव लटका मिला। इस सूचना पर सीओ तृतीय सर्वम सिंह, सिविल लाइंस पुलिस व फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई। प्रारंभिक जांच के बाद शव उतरवाकर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इधर, छात्रा का एक भाई एएमयू में विधि का छात्र है। उसे भी खबर देकर बुला लिया गया। छात्रा की सहेलियों से भी जानकारी की जा रही है। उसके भाई से पूछताछ, मोबाइल नंबर आदि के जरिये आत्महत्या के कारणों पर जानकारी करने का प्रयास हो रहा है। एएमयू वीमेंस कॉलेज के आवासीय हॉल परिसर में छात्रा की आत्महत्या की सूचना मिली है। जांच की जा रही है। परिवार व साथी छात्राओं से बातचीत के जरिये कारण जानने का प्रयास हो रहा है। अभी कारण स्पष्ट नहीं है। - मृगांक शेखर पाठक, एसपी सिटी अलीगढ़

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा द्वारा फिट इंडिया अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच /प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा के दिशा निर्देशन एवं पीयूष सिन्हा, उप कमांडेंट के नेतृत्व में फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह साइकिल रैली वाहिनी मुख्यालय भिनगा से शुरू होकर खरगौड़ा मोड़ से होते हुए तीन किलोमीटर की दूरी तक चलाई गई। इस दौरान नागरिकों को फिट इंडिया अभियान के उद्देश्य के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें स्वास्थ्यप्रद जीवन शैली अपनाने, प्रतिदिन व्यायाम करने तथा साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर गोबर्धन पुजारी, उप कमांडेंट के साथ वाहिनी मुख्यालय के समस्त अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों के साथ ही स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे। रैली का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को सक्रिय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। जवानों ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से व्यायाम करें, साइकिलिंग को अपनाएं और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर स्वयं और अपने परिवार के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करें।






## सूरजपुर जिले में धान कटाई के बीच मौसम की मार, किसानों की चिंता बढ़ी

दो दिनों से हो रही बूंदाबांदी ने फसल बचाने में बढ़ाई मुश्किलें, मेहनत पर पानी फिरने का डर

क्यूँ न लिखूँ सच / चांदनी बिहारपुर। जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में इन दिनों धान की कटाई, मिसाई ( मिंजाई ) और धुलाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। खेतों में पकी फसलें तैयार हैं और किसान दिन-रात मेहनत कर उसे काटकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। लेकिन इस बीच मौसम ने अचानक करवट ले ली है। दो दिनों से क्षेत्र में लगातार हल्की बूंदाबांदी हो रही है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। धान कटाई के बाद खेतों में खुले में रखे फसल के ढेर और मिंजाई की प्रक्रिया पर बारिश का असर पड़ने की संभावना बन गई है। यदि आने वाले दिनों में तेज बारिश होती है तो किसानों की कई महीनों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। ग्राम पंचायतों के कई किसानों ने बताया कि बारिश से कटी हुई फसल में नमी बढ़ रही है, जिससे धान सूखने में दिक्कत आ रही है। वहीं जिन किसानों ने धान की मिंजाई पूरी नहीं की है, उनके लिए स्थिति और भी कठिन हो गई है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश का दौर बढ़ गया, तो फसल सड़ने और खराब होने का खतरा रहेगा, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान राजेश जायसवाल ने बताया कि हम लोग पिछले कई दिनों से फसल काट रहे हैं, लेकिन अब मौसम ने चिंता बढ़ा दी है। अगर तेज बारिश हो गई तो धान खराब हो जाएगा और मेहनत बेकार चली जाएगी। इसी तरह अन्य किसानों ने भी प्रशासन और मौसम विभाग से अपील की है कि वे समय रहते जानकारी दें ताकि फसल को बचाने के उपाय किए जा सकें। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। इससे क्षेत्र के किसान सतर्क हैं और तेजी से धान की कटाई, मिंजाई और भंडारण का कार्य पूरा करने में जुटे हुए हैं।



## महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच / मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना मटेरा के अंतर्गत ग्राम मोंगरिहा थाना मटेरा जनपद बहराइच में चौपाल लगाकर उच्चाधिकारी द्वारा दिए गये आदेशो निर्देशों के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकरी योजना के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया... महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090 ,1098 ,1076, 112 ,181, 108.... Etc व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा सरकारी योजनाएं *जैसे कन्या सुमंगला योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना,मातृ वंदना योजना,वृद्धा पेंशन योजना,आयुष्मान प्रधानमंत्री, उज्जवला योजना ...... Etc व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गयी। एंटी रोमियो टीम उ0नि0 श्री विशाल जायसवाल हे0कां0 दिग्विजय सिंह हे0कां0 इंद्रेश यादव म0आ0 निधि पासवान



## अधेड़ की मौत महिला पीआर डी जवान घायल

क्यूँ न लिखूँ सच /प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में मामा की मौत हो गई जबकि भांजा गंभीर रूप से फायल हो गया। वहीं स्कूटी फिसलकर गिरने से महिला पीआरडी गंभीर रूप से पागल ही गई। गिलौला बाना क्षेत्र के भदौरा निवासी आशीषकुमार (40) पुत्र सुंदर को उसी गांव निवासी अपने भांजे संजय (28) पुत्र ददन के साथ मोटर साइकिल से अपनी रिश्तेदारी में गया था। देर शाम को मामा-भांजे बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच गिलौला थाने के करीदी गांव के चौराहे पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आशीष व उसका भांजा संजय सड़क पर गिर गए। तेज रफ्तार ट्रैक्टर रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली आशीष को रौंदते हुए निकल गई। इस घटना में आशीष को घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि भांजा संजय कुमार गंभीर रूप से घायल होगया । राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल की पुलिस ने अस्पताल भेजा। सूचना पाकर मौके पर परिजन पहुंचे तो आशीष का शव देखकर सभी रोने-चिल्लाने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालापुर के अमरहवा निवासी की रहने वाली पीआरडी जवान रेखा गौतम (22) पुत्री मनीराम गौतम स्कूटी फिसलने से घायल हो गई महिला पी.आरडी जवान मल्हीपुर थाने में इयूटी करने अपनी स्कूटी से जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में स्कूटी फिसल गई और सड़क पर गिर गई। इसके कारण रेखा गौतम गंभीर रूप से घायल हो गई। पायल को लोगों की मदद से जमुनहा बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर प्राथमिक चिकित्सा के बाद सीएचसी मल्हीपुर भेज दिया गया।



## अनोखा जन्म: आठ पैर, तीन कान और दो कमर वाले बकरी के बच्चे ने लिया जन्म – जन्म के कुछ देर बाद हुई मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / सूरजपुर। जिले के चांदनी बिहरपुर क्षेत्र के कोल्हूआ आश्रित ग्राम बोकराटोला में उस समय ग्रामीणों में जिज्ञासा फैल गई जब रामकेश शाहू के घर की बकरी ने एक साथ दो बच्चों को जन्म दिया। इनमें से एक बच्चा सामान्य रूप से स्वस्थ है, जबकि दूसरा बच्चा आठ पैर, तीन कान और दो कमर के साथ पैदा हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, बकरी का पहला बच्चा पूरी तरह से सामान्य है, उसके चार पैर सुरक्षित हैं। वहीं दूसरा बच्चा असामान्य रूप से विकसित हुआ था और जन्म के कुछ ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। पशु चिकित्सकों के मुताबिक यह मामला जैविक विकृति (Biological Deformity) का है, जो भ्रूण के असमान विकास के कारण होता है। उन्होंने बताया कि ऐसे मामले बहुत ही दुर्लभ होते हैं और कभी-कभी जुड़वां भ्रूण के एक साथ विकसित न हो पाने से इस तरह की शारीरिक संरचना बन जाती है। इस घटना की जानकारी फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ रामकेश शाहू के घर उमड़ पड़ी। लोग इस विचित्र बच्चे को देखने पहुंचने लगे और मोबाइल में तस्वीरें खींचते नजर आए। यह घटना अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।।



## उपजेल पिछोर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

बंदियों की समस्याएं सुनीं, किया निराकरण – दीपावली मिलन समारोह में बांटी मिठाई व कपड़े

क्यूँ न लिखूँ सच / शिवपुरी,ब्यूरो। उपजेल पिछोर में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन गतदिवस किया गया। इस अवसर पर बंदियों की विधिक समस्याओं को सुना गया तथा मौके पर ही उनका निराकरण किया गया। कार्यक्रम में सिविल न्यायालय पिछोर के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अग्रवाल एवं पुत्रगण, जिला न्यायाधीश पिछोर किशोर कुमार गहलोत सहित पुत्र, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा, अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर विकास विश्वकर्मा, उपजेल पिछोर के जेलर अमरनाथ कटियार, विधिक सेवा समिति कर्मचारी धर्मेन्द्र राजोरिया, पैरा लीगल वालंटियर भानु प्रताप, एवं न्यायालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बंदियों को विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना गया। तत्पश्चात न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा अपने पुत्र के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सभी बंदियों को मिठाई और कपड़े वितरित किए गए। इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें जेल के लगभग 93 बंदी उपस्थित रहे। जेल परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे बंदियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार देखा गया।




### संक्षिप्त समाचार

## जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी में मोटर की खराबी से नहीं मिल पा रहा शुद्ध जल

क्यूँ न लिखूँ सच /प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। जमुनहा विकासखंड मुख्यालय के बगल में बनी पानी टंकी से ग्रामीणों को स्वच्छ पेय जल मिल रहा था जो कई दिनों मोटर खराब हो गया है जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोगों को छोटे नल से मजबूरन इस समय पानी पीना पड़ रहा है जबकि सरकार द्वारा जल मिशन योजना के अंतर्गत टंकी का निर्माण करके स्वच्छ पानी सप्लाई जनता के लिए बनवाया था कई लाखों रुपए लगाकर टंकी का निर्माण कराया गया लेकिन जल मिशन कर्मचारियों के लापरवाही से टंकी से मिलने वाला जल ग्रामीण तक नहीं पहुंच रहा है इस संबंध में लोगों ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देखकर कार्य वाही की मांग किया है।

## नेपाली हाथियों ने मचाया आतंक, फसलें हुई बर्बाद, माला रेंज में जंगली हाथियों का हमला

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत टाइगर रिजर्व के माला रेंज से सटे गांवों में रविवार सुबह नेपाली हाथियों का झुंड देखे जाने से ग्रामीण दहशत में आ गए। अजीतपुर पटपरा गांव के खेतों में हाथियों ने दाखिल होकर गन्ना, धान और गेहूं की फसलें रौंद दीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये हाथी नेपाल के जंगलों से सीमा पार करके भारतीय सीमा में आए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कई महीनों से हाथियों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। खेतों में घूमकर हाथी फसलों को उजाड़ देते हैं। दीनदयाल ने बताया कि शनिवार रात से ही हाथियों की आवाजें सुनाई दे रही थीं। रविवार सुबह खेतों में पहुंचने पर देखा कि गन्ने की फसल पूरी तरह रौंदी जा चुकी थी। कई किसानों ने खेत की मेड़ों को भी टूटते देखा। इस घटना से दर्जनभर से अधिक किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने डायल 112 और वन विभाग को सूचना दी। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन हाथियों के नेपाल की ओर लौट जाने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग की मदद केवल पटाखे और शोर मचाने तक रहती है। स्थायी समाधान अब तक नहीं मिल सका है। वही रात में किसानों को खेत में जाने में डर सता रहा हैं। पिछले कई माह से हाथियों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नेपाली हाथियों के आतंक से निजात दिलाने के ठोस कदम उठाए जाएं। वहीं, टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने कहा कि हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और प्रभावित? गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है। ग्रामीण फिलहाल हाथियों की वापसी के डर से रात में खेतों की निगरानी करने से डर रहे हैं।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

